डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक: COE/139/2024 दिनांक: 22/03/2024

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,

डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

महोदय / महोदया,

विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रम वर्ष 2023 एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रम (सम सेमेस्टर) के प्रायोगिक / मौखिकी / आन्तरिक परीक्षाओं के अंक महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 में प्रेषित लिंक के माध्यम से ऑनलाइन अपलोड किये जाने हेतु निर्देश दिये गये थे, परन्तु कतिपय महाविद्यालयों द्वारा अद्यतन अंक अपलोड नहीं किये गये हैं।

अतः उक्त कम में पुनः अनुरोध है कि परीक्षाओं के प्रायोगिक / मौखिकी / आन्तरिक अंक दिनांक 30.03.2024 तक खन्दारी परिसर में स्थापित जनपद वार हेल्पडेस्क मानीटरिंग प्रकोष्ठ के सम्बन्धित समन्वयक के समक्ष उपस्थिति होकर अपलोड कराने का कष्ट करें, साथ ही अपलोड किये गये अंकों की प्रति परीक्षक के हस्ताक्षर सहित प्रैक्टिकल अनुभाग में जमा कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा कि स्थिति में समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी। परीक्षक की उपलब्धता सम्बन्धी समस्याओं के लिए प्रयोगात्मक परीक्षाओं के समन्वयक प्रो0 एस0पी0 सिंह से विश्वविद्यालय कम्प्यूटर केन्द्र, खन्दारी परिसर में सम्पर्क स्थापित कर समस्याओं का निराकरण कराया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रो0 मनु प्रताप सिंह, नोडल अधिकारी।
2. समन्वयक, हेल्पडेस्क मानीटरिंग प्रकोष्ठ, खन्दारी परिसर।
3. प्रो0 एस0पी0 सिंह से विश्वविद्यालय कम्प्यूटर केन्द्र, खन्दारी परिसर।
4. उपकुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय)।
5. अधीक्षक, कुलपति सचिवालय को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
6. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
7. एजेन्सी 2023 को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को सम्बन्धित महाविद्यालयों की लॉगिन आई0डी0 पर अपलोड करें।
8. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक